## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–23.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना, डाउनलोड करना पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध, कहा– अदालतें चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का इस्तेमाल न करे।
2. दो दिवसीय झारखंड दौरे पर चुनाव आयोग की टीम, विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राजनीतिक दलों के साथ की बातचीत, दोपहर बाद भी कई बैठकें ।
3. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज खूंटी में पार्टी की दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा की करेंगे शुरुआत, पार्टी के कई दिग्गज नेताओं का भी दौरा।
4. राज्य सरकार आज गढ़वा से मंईयां सम्मान यात्रा की करेगी शुरुआत।
5. आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना के आज छह साल पूरे, अबतक 8 करोड़ लाभार्थियों ने कैशलैस उपचार का उठाया लाभ ।

******************

सुप्रीम कोर्ट ने आज बड़ा फैसला लेते हुए कहा है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को डाउनलोड करना, स्टोर करना और देखना पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने सभी अदालतों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया।

******************

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग की एक टीम दो दिन के दौरे पर रांची पहुंची। इस टीम में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी शामिल हैं। चुनाव आयोग की टीम की रांची में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बातचीत की। इसमें भाजपा, कांग्रेस और सीपीआई (एम) सहित छह राष्ट्रीय दलों और तीन क्षेत्रीय दलों – झामुमो, राजद और आजसू के प्रतिनिधि शामिल रहे। सूत्रों के अनुसार राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग को प्रतिवेदन सौंपने के साथ पार्टी की ओर से कुछ सुझाव भी दिए हैं। दोपहर बाद चुनाव आयोग की टीम प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। बाद में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी और केंद्रीय बल समन्वयक से मुलाकात करेगी। चुनाव आयोग की टीम कल सभी 24 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेगी। झारखंड में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

******************

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज खूंटी से पार्टी की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन कचहरी मैदान, खूंटी में किया गया है। प्रदेश भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कोल्हान प्रमंडल में परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। श्री चौहान बहरागोड़ा के शाखा मैदान में परिवर्तन महासभा में हिस्सा लेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद रहेंगे। सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आज गढ़वा और पलामू में भाजपा की परिवर्तन महासभा में शामिल होंगे। गिरिडीह जिले के गांडेय में आज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे।

******************

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान आज एक दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे। श्री पासवान लातेहार के जिला खेल स्टेडियम में पार्टी के जनहुंकार रैली को संबोधित करेंगे। रांची में एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार पर विभाजन की राजनीति का आरोप लगाया।

******************

राज्य की  हेमंत सरकार आज गढ़वा जिले से मंईयां सम्मान यात्रा शुरू करेगी। जिले के बंशीधर नगर से सम्मान यात्रा आरंभ होगी। पहले चरण में मंत्री बेबी देवी और विधायक कल्पना सोरेन के नेतृत्व में पलामू प्रमंडल के गढ़वा, मेदिनीनगर और लातेहार जिले से कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज खूंटी में आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन खूंटी और सिमडेगा जिले के लिए संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सम्मानित करेंगे और कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

******************

सिमडेगा जिला प्रशासन को सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान के लिए दिल्ली में स्कोच अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

******************

आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को आज छह साल पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में रांची से योजना शुरू की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने इसकी छठी वर्षगांठ पर कहा कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है। इस योजना के तहत पिछले छह वर्षों में लगभग आठ करोड़ लाभार्थियों ने कैशलेस इलाज का लाभ उठाया है।

******************

गुमला जिले के मरईकोना गांव में 20 सितंबर को जड़ी–बूटियों से बनी दवा के सेवन से वैद्य सहित दो लोगों की मौत मामले की सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार ने जांच की। सिविल सर्जन ने पाया कि यह मामला विभागीय लापरवाही से नहीं, बल्कि अंधविश्वास और शराब के नशे में जड़ी–बूटी के गलत सेवन से जुड़ा है। घटना के कई घंटे बाद स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली, जिसके कारण बचाव कार्य में देरी हुई। सिविल सर्जन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अंधविश्वास और ओझा–गुनी के चक्कर में न पड़ें। किसी भी स्वास्थ्य समस्या के लिए तुरंत सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

******************

रांची के जैप 1 मैदान में आज से 16 वीं झारखंड राज्य पुलिस खेल कूद प्रतियोगिता की शुरुआत हो गई। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस मौके पर डीजीपी अनुराग गुप्ता भी मौजूद रहें। तीन दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में कई स्पर्धाओं में पुलिसकर्मी अपनी खेल प्रतिभा  दिखाएंगे।

******************

मौसम विभाग ने आज राज्य के कई हिस्सों में हल्की बारिश के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया है।

******************